### एक नजर में

#### श्री राम कथा में भगवान राम एवं सुग्रीव की मित्रता का प्रसंग सुनाया




**ग्वालियर।** ग्वालियर से 22 किलो मीटर दूर एबी रोड़ पर स्थित ग्राम पनिहार में जग्गे वाले बाग में सिद्ध स्थल जग्गेश्वर सरकार हनुमान मंदिर पर 25 मार्च से श्री राम कथा का विशाल आयोजन किया जा रहा है। कथा के आठवें दिन कथा वाचक पं. रमा शंकर महाराज ने भगवान श्री राम व सुग्रीव की मित्रता का प्रसंग सुनाया। जिसे सुनकर श्रोता आनन्दित हो गए। रामकथा 2 अप्रेल हनुमान जन्मोत्सव तक होगी। जग्गेश्वर सरकार हनुमान जी का अभिषेक श्रंगार, विशाल मंगल आरती एवं विराट हवन (2100 किलो) का आयोजन किया जा रहा है। हनुमान जन्मोत्सव के दूसरे व अंतिम दिन 3 अप्रैल शुक्रवार को विशाल भंडारे के साथ हनुमान जन्मोत्सव एवं राम कथा का समापन होगा। जग्गेश्वर सरकार हनुमान भक्त मंडल ने इस मौके पर सभी धर्म प्रेमी एवं श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे इस जन्मोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर हनुमान जी की कृपा प्राप्त करें ।

#### प्रवेश उत्सव के साथ नए सत्र का शुभारंभ



**ग्वालियर।** उर्दू कानून गोयन स्कूल में आज शैक्षणिक सत्र 2026-27 का शुभारंभ बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ 'प्रवेश उत्सव' के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी सजावट से आकर्षक रूप दिया गया तथा नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं पुष्प वर्षा के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ ने बच्चों एवं अभिभावकों को नए सत्र की शुभकामनाएं दीं। प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि 'विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास का आधार है। हम सभी मिलकर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करेंगे।' इस अवसर पर बच्चों के लिए विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन भी किया गया, जिससे उनका विद्यालय के प्रति आत्मीय जुड़ाव बढ़े। अभिभावकों ने भी विद्यालय की व्यवस्थाओं की सराहना की और अपने बच्चों के बेहतर भविष्य की कामना की। प्रवेश उत्सव के माध्यम से विद्यालय ने यह संदेश दिया कि हर बच्चा शिक्षा का अधिकार रखता है और उसे एक सुखद एवं प्रेरणादायक वातावरण मिलना चाहिए।

#### नई कार्यकारिणी के साथ संगठन को मिली नई दिशा

**ग्वालियर।** मांझी जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ (म.प्र.) ने विभिन्न जिलों में आयोजित बैठकों के माध्यम से अपनी नवीन कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए संगठन को नई ऊर्जा और दिशा प्रदान की है। सर्वसम्मति से गठित इस कार्यकारिणी में डॉ. दिनेश कुमार मांझी को प्रदेशाध्यक्ष, डॉ. नरेंद्र कुमार बाघम को प्रदेश सचिव, डॉ. रजनीश कुमार मांझी को प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं डॉ. ब्रजकिशोर बाघम को प्रदेश संगठन मंत्री/प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नवीन पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत बनाने, समाज के अधिकारों की रक्षा करने एवं युवाओं को जागरूक करने का संकल्प लिया है। यह टीम एकता, पारदर्शिता और समर्पण के साथ समाजहित में कार्य करेगी।

#### चीनौर पुलिस ने उत्तराखंड से बरामद की अपहृत नाबालिग

**ग्वालियर।** 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत थाना चीनौर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने उधम सिंह नगर (उत्तराखंड) से एक 17 वर्षीय नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर लिया है। चीनौर निवासी एक बालिका घर से लापता हो गई थी। परिजनों की शिकायत पर थाना चीनौर में अपहरण का मामला दर्ज किया गया था। थाना प्रभारी उप निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह गुर्जर के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी सहायता (सर्विलांस) के आधार पर बालिका की लोकेशन उत्तराखंड में ट्रेस की। पुलिस टीम ने 30 मार्च की रात उधम सिंह नगर से बालिका को बरामद किया। नियमानुसार महिला पुलिस अधिकारी द्वारा कथन दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। उल्लेखनीय है कि इस बालिका की तलाश के लिए पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा 2,000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था। 'ऑपरेशन मुस्कान' के पहले ही दिन मिली इस सफलता से पुलिस प्रशासन में उत्साह है।

#### निगमायुक्त ने किया जनकार्य विभाग का औचक निरीक्षण

**ग्वालियर।** नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने निगम मुख्यालय स्थित जनकार्य विभाग का औचक निरीक्षण किया तथा अधिकारियों से आवश्यक जानकारियां ली एवं दिशा निर्देश दिए। नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय द्वारा निगम कार्यालय की व्यवस्था को बेहतर एवं पारदर्शी बनाने के लिए समय समय पर विभिन्न कार्यालयों के औचक निरीक्षण किए जाते हैं, जिससे अधिकारियों एवं कर्मचारियों में अनुशासन बना रहे। इसी के तहत निगमायुक्त संघ प्रिय द्वारा आज बुधवार को प्रात: जनकार्य विभाग में औचक निरीक्षण कर कर्मचारियों की उपस्थिति एवं कार्य के के बारे में जानकारी ली। निगमायुक्त ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि सभी समय पर कार्यालय आएं। आधारवेस माध्यम से ही उपस्थिति दर्ज कराएं। इसके साथ ही कोई भी फाइल अथवा जनसुविधा के कार्य अनावश्यक रुप से न लटकाए जाएं।

## वेयरहाउस के पास जुआ खेल रहे 5 दबोचे

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 1 अप्रैल।** अमरपुरा खैरी स्थित एक वेयरहाउस के पास दबिश देकर ताश के पत्तों पर हार-जीत का दांव लगा रहे 5 जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, 31 मार्च की रात क्राइम ब्रांच ग्वालियर को सूचना मिली थी कि चप्पा सेठ वेयरहाउस की बाउंड्री के पास कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही एडिशनल एसपी ग्रामीण जयराज कुबेर और एसडीओपी डबरा सौरभ कुमार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी डबरा देहात मनोज कुमार ने टीम गठित कर मौके पर भेजी। पुलिस टीम ने बाउंड्रीवाल की आड़ में छिपकर तस्दीक की और घेराबंदी कर आरोपियों को दबोच लिया।

**दो आरोपी फरार, वाहन बरामद**

**इन आरोपियों की हुई गिरफ्तारी:** पकड़े गए आरोपियों की पहचान शैलू उर्फ छोटू जाटव (27) निवासी अमरपुरा खेरी, सोनू जाटव (42) निवासी अमरपुरा खेरी, अजय जाटव (25) निवासी अमरपुरा खेरी, कालूराम बाथम (22) निवासी मीट मार्केट, डबरा, विशाल बाथम (25) निवासी महावीरपुरा, डबरा के रूप में हुई है। पुलिस कार्रवाई के दौरान दो अन्य आरोपी विकास कटारिया और जीतू जाट अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भागने में सफल रहे, जिनकी तलाश जारी है।

## छात्रों को शिक्षा और संस्कार के साथ अनुशासन सिखाया : डीईओ

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 1 अप्रैल।** शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 मुरार में वरिष्ठ व्याख्याता से सेवानिवृत हुए आरएन शर्मा को आज आयोजित एक समारोह में भावभीनी विदाई दी गयी।

गोल्डन लोटस वैंक्युट में आयोजित समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी हरिओम चतुर्वेदी ने कहा कि आरएन शर्मा अनुशासन प्रिय व्यक्ति हैं और उन्होंने छात्रों में भी शिक्षा और संस्कार के साथ अनुशासन का पाठ पढ़ाया। श्री चतुर्वेदी ने कहा कि कार्य के प्रति लगन और समर्पण उनकी विनम्रता में है और विभाग उनके अनुभव का लाभ लेता रहेगा। समारोह में पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी एससी शर्मा, आरएन उपाध्याय संदीपनी पद्मा स्कूल के प्राचार्य रविन्द्र कुमार शर्मा व्याख्याता उमेश पाठक पूर्व प्राचार्य एमएल गर्ग क्रमांक 2 प्राचार्य रेनू वेदी, देवेश शर्मा, उपेन्द्र भिडे, शिक्षाविद पुष्पा सिसोदिया, सनद दीक्षित प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में श्री शर्मा ने कहा कि शासकीय सेवा में उन्हें सभी का सहयोग मिला और उन्होंने नई पीढ़ी के शिक्षकों को संदेश दिया कि छात्रों के लिए शिक्षा से बड़ा कोई उपहार नहीं है वह लगन से कार्य करें। समारोह में अतिथियों ने श्री शर्मा से जुड़े संस्मरण सुनाए और बताया कि विरोधाभास के बीच संतुलन बनाए रखना और सभी से सामजस्य के साथ कार्य लेना श्री शर्मा की विशेषता रही । इस अवसर पर सेवानिवृत्त व्याख्याता श्री शर्मा के पिताश्री रामेश्वर दयाल शर्मा उनकी पत्नी श्रीमती मंजू शर्मा, पुत्र अंकित शर्मा, श्रीमती गोल्डी एवं संकुल केन्द्र का स्टाफ विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सीमा सिसोदिया ने किया। समारोह में शिक्षा विभाग के अधिकारी और कर्मचारी एवं शिक्षकों ने श्री शर्मा का सम्मान किया।

**शासकीय विद्यालय क्रमांक 2 के वरिष्ठ व्याख्याता आरएन शर्मा को सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई**



सेवानिवृत्ति पर वरिष्ठ व्याख्याता आरएन शर्मा का सम्मान करते हुए शिक्षक एवं समारोह को सम्बोधित करते जिला शिक्षा अधिकारी हरिओम चतुर्वेदी।

## इंदरगंज और बारादरी चौराहा की रोटरी छोटी नहीं होने से यातायात व्यवस्था चरमराई



**संजीव कुमार शर्मा**

**ग्वालियर 1 अप्रैल।** महानगर के दो प्रमुख प्रवेश द्वार लश्कर का इंदरगंज चौराहा और मुरार का बारादरी चौराहा इन दिनों शहरवासियों के लिए मुसीबत का सबब बन गए हैं। ट्रैफिक सुधार के दावों के बीच, हकीकत यह है कि इन चौराहों पर बनी अत्यधिक विशाल रोटरी के कारण यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। रोटरी का आकार छोटा नहीं होने से यहाँ दिन भर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहती हैं और लोग हलाकान हो रहे हैं।

**बड़ी रोटरी बनी जी का जंजाल, इंदरगंज और बारादरी चौराहे पर रोज लग रहा भीषण जाम**

### इंदरगंज चौराहा-कोर्ट शिफ्ट हुआ, पर जाम नहीं



इंदरगंज चौराहे से जिला न्यायालय के शिफ्ट होने के बाद उम्मीद जागी थी कि यहाँ ट्रैफिक का दबाव कम होगा और लोगों को राहत मिलेगी। लेकिन, जमीनी हकीकत इसके उलट है। दोपहर से लेकर देर शाम तक यहाँ स्थिति नारकीय बनी रहती है। सर्वे रिपोर्ट में जाम के तीन प्रमुख कारण सामने आए हैं, जिनमें सबसे बड़ा कारण रोटरी का मौजूदा डिजाइन है। यह रोटरी जरूरत से ज्यादा जगह में फैली हुई है, जिसके कारण वाहनों को गुजरने के लिए पर्याप्त सड़क नहीं मिल पाती। इसके अलावा, इंदरगंज थाने के बाहर स्थायी रूप से खड़े वाहन और चौराहे के आसपास लगने वाले ठेले व गाड़ियाँ आग में घी का काम कर रहे हैं।

### मुरार बारादरी-रोटरी को पार करना बना चुनौती



यही हाल मुरार के बारादरी चौराहे का है। यहाँ भी विशाल रोटरी के कारण हर वक्त जाम लगा रहता है। इस चौराहे पर मुरार थाना रोड, सिंहपुर रोड, हुरावली रोड और थाटीपुर रोड का भारी ट्रैफिक मिलता है। रोटरी बड़ी होने की वजह से वाहनों को मुड़ने में काफी समय लगता है, जिससे पीछे वाहनों की कतार लग जाती है। परेशानी की बात यह है कि इस जाम में एम्बुलेंस और स्कूल बसें भी फंसी रहती हैं।

### 'जनता बोली- जाम के चक्कर में बर्बाद हो रहा समय'



इंदरगंज चौराहा अब शहर का सबसे बड़ा सिरदर्द बन गया है। रोटरी इतनी बड़ी है कि सड़क का आधा हिस्सा तो उसी ने घेर रखा है। ऊपर से चौराहे के कोनों पर खड़े ऑटो और ठेलों के कारण पैदल चलना भी दूभर है। हर शाम यहाँ आधे-आधे घंटे तक गाड़ियाँ रेंगती हैं। अगर प्रशासन इस रोटरी को छोटा कर दे, तो सड़क चौड़ी हो जाएगी और हम जैसे दुकानदारों और राहगीरों को बड़ी राहत मिलेगी।

**रवि सिकरवार,**
**स्थानीय निवासी लश्कर**



मैं रोज काम के सिलसिले में बारादरी चौराहे से गुजरता हूँ। यहाँ की रोटरी का डिजाइन समझ से परे है—गाड़ियों को मुड़ने के लिए जगह ही नहीं बचती। सुबह ऑफिस जाते समय और शाम को घर लौटते वक्त यहाँ हर वक्त जाम की स्थिति रहती है। चौराहे के चारों तरफ बेतरतीब पार्किंग और रोटरी के फैलाव की वजह से अक्सर छोटी-मोटी भिड़ंत भी होती रहती है। यहाँ एलिवेटेड रोटरी या रोटरी को छोटा करना अब बेहद जरूरी हो गया है।

**आदित्य शर्मा,**
**ऑफिस कर्मचारी (मुरार निवासी)**

#### दुकान के बाहर अवैध शराब बेचते एक आरोपी गिरफ्तार

**ग्वालियर।** डबरा देहात पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने अमरपुरा खैरी में दबिश देकर एक आरोपी को अवैध देशी शराब बेचते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। 31 मार्च को पुलिस को सूचना मिली थी कि काली माता मंदिर रोड, अमरपुरा खैरी में एक व्यक्ति अपनी दुकान के बाहर अवैध शराब बेच रहा है। एसडीओपी डबरा सौरभ कुमार के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी मनोज कुमार के नेतृत्व में टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस ने आरोपी दिलीप शिवहरे (55 वर्ष) को एक सफेद प्लास्टिक के कट्टे के साथ पकड़ा। कट्टे की तलाशी लेने पर पुलिस को 109 क्वार्टर देशी प्लेन और 62 क्वार्टर देशी मसाला (कुल 171 क्वार्टर) बरामद हुए, जिनकी अनुमानित कीमत 11,500 रुपये बताई जा रही है। पुलिस अब आरोपी से अवैध शराब के स्रोत के संबंध में पूछताछ कर रही है।

## भविष्य में स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई का उपयोग विस्तृत होगा : प्रो. उपाध्याय

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 01 अप्रैल।** आईटीएम के स्कूल ऑफ फार्मेसी द्वारा दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस कॉन्फ्रेंस की थीम- 'फ ार्मा मेडटेक: इनोवेशन, एजुकेशन, रिसर्च एंड प्रैक्टिस' रही। मुख्य अतिथि के रूप में वैज्ञानिक डॉ. विनय सैनी (आईआईटी बॉम्बे एवं एमडी, ओस्टिक फार्मा) शामिल हुए। विशिष्ट वक्ताओं में डॉ. अनूप कुमार (डीआईपीएसईआर), वैज्ञानिक डॉ. अंकित सेठ (महरी मेडिकल कॉलेज, टेनेसी, यूएसए), डॉ. केके पटेल (आईओवा यूनिवर्सिटी, यूआई, यूएसए), डॉ. ईशा सराफ(डायरेक्टर, वारिशा फार्मास्युटिकल), संदेश विसोरिया (एसोसिएट डायरेक्टर, ट्रांसपरफेक्ट, यूएसए) शामिल हुए। इस अवसर पर आईटीएम के वाइस चांसलर प्रो. योगेश उपाध्याय, डीन एकेडमिक डॉ. रंजीत सिंह तोमर, स्कूल ऑफ फार्मेसी के डीन डॉ. अवनीश त्रिपाठी, विभागाध्यक्ष डॉ. नेम कुमार जैन, डॉ. अमित वर्मा, डॉ. आलोक सोनी, प्रो. तीर्थंकर चौधरी, प्रो. यासिर मोहम्मद, शिवम तायल, रेखा रानी, प्रियंका केशरी, आकांक्षा तिवारी, प्रद्युम्न तिवारी, नम्रता मिश्रा, शैलेंद्र नरवरिया, शेफाली सोनी, निशा, विजेता भट्टाचार्य, मनोज सहित विभिन्न प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर, छात्र-छात्राएं और देश-विदेश से आए शोधार्थियों, शिक्षकों एवं विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। इस दौरान 100 से अधिक शोध सार प्रस्तुत किए गए। प्रथम दिवस मुख्य अतिथि और वक्ता वैज्ञानिक डॉ. विनय सैनी (आईआईटी बॉम्बे एवं एमडी, ओस्टिक फार्मा) ने विभिन्न रोगों के डायग्नोस्टिक डिवाइसेस के विकास एवं उपयोग पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि किसी भी बायोलॉजिकल सैंपल में उपस्थित प्रोटीन एवं न्यूक्लिक एसिड का उपयोग करके डिटेक्शन किट विकसित की जा सकती है। साथ ही उन्होंने इस क्षेत्र में सरकार की विभिन्न अनुदान योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। विशिष्ट वक्ता में डॉ. अनूप कुमार (डीआईपीएसईआर) ने नेटवर्क फार्माकोलॉजी एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के माध्यम से दवा खोज की नई संभावनाओं पर चर्चा की। इस अवसर पर आईटीएम के वाइस चांसलर प्रोफेसर डॉ. योगेश उपाध्याय ने स्वास्थ्य सेवाओं में एआई की संभावनाओं पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई का उपयोग ड्रग डेवलपमेंट, प्रिस्क्रिप्शन से लेकर पर्सनलाइज्ड मेडिसिन तक विस्तृत होगा, इसलिए छात्रों का इसके प्रति जागरूक रहना आवश्यक है। इस दौरान कॉन्फ्रेंस की स्मारिका का भी विमोचन किया गया। इंजेक्टेबल बायोफार्मास्यूटिकल्स में लायोफिलाइजेशन तकनीक के माध्यम से प्रोटीन एवं उनसे बने अणुओं को ड्रग डेवलपमेंट में शामिल कर सकते हैं: डॉ. केके पटेल द्वितीय दिवस मुख्य वक्ता डॉ. केके पटेल यूएसए से वर्चुअली रूप से शामिल हुए। वहीं वक्ता संदेश विसोरिया ने क्लिनिकल सेक्टर में फार्मेसी छात्रों के लिए विभिन्न अवसरों पर प्रकाश डाला। वहीं डॉ. अंजना माले ने डॉ. एमएल श्रॉफ के फार्मेसी शिक्षा में योगदान पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस दौरान ओरल और पोस्टर प्रजेंटेशन प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। जहां ओरल प्रेजेंटेशन में हर्षिता गोयल एवं नैना कुमारी प्रथम, स्नेहा एवं शिव द्वितीय तथा मोवेन एवं नकाई तृतीय स्थान पर रहे। वहीं पोस्टर प्रेजेंटेशन में बरखा एवं प्राची डकेता प्रथम, देपर्पन पाल, नैन्सी एवं तान्या द्वितीय तथा पलक एवं अंकित तृतीय स्थान पर रहे। बेस्ट इनोवेटिव आइडिया श्रेणी में ध्रुव कुमार एवं खुशबू गौर विजेता रहे।

**ड्रग डेवलपमेंट, प्रिस्क्रिप्शन से लेकर पर्सनलाइज्ड मेडिसिन पर चर्चा**




## स्कूल चलें हम अभियान के तहत जिला स्तरीय प्रवेश महोत्सव आयोजित

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का लाइव संबोधन बना आकर्षण का केंद्र, मेधावी छात्र हुए सम्मानित





**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 1 अप्रैल।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-01, मुरार में आज 'स्कूल चलें हम' अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रवेश महोत्सव का आयोजन गरिमामयी वातावरण में किया गया। इस अवसर पर शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रियंका घुरैया और विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक मुन्ना लाल गोयल उपस्थित रहे।

**नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक और साइकिल का वितरण :** जिला शिक्षा अधिकारी हरिओम चतुर्वेदी ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शासन का लक्ष्य है कि जिले का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा प्रत्येक बालक-बालिका का नामांकन सुनिश्चित कर उन्हें पाठशाला पहुँचाया जा रहा है। महोत्सव के दौरान दूरदराज से आने वाले विद्यार्थियों को नि.शुल्क साइकिलें प्रदान की गईं। सभी छात्र-छात्राओं को निशुल्क पुस्तकें दी गईं। कक्षा 9वीं और 11वीं की वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

**शिक्षक किट :** विद्यालयीन शिक्षकों को 'शिक्षक दैनन्दिनी' और छात्र उपस्थिति पंजी का वितरण भी किया गया।

जिला स्तरीय महोत्सव में संयुक्त संचालक लोकशिक्षण अरविंद सिंह, सहायक संचालक पुष्पा ड्योढी, एडीपीसी सर्वेश दीक्षित, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार दीक्षित और भोपाल से आईं प्रेक्षक ज्योति श्रीवास्तव सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में 675 छात्र-छात्राओं के साथ बड़ी संख्या में अभिभावक और शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। अंत में प्राचार्य प्रबुद्ध गर्ग ने सभी अतिथियों और पालकों का आभार व्यक्त किया।

### मुख्यमंत्री का संदेश-शिक्षा से संवरेगा भविष्य

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के लाइव के माध्यम से प्रसारण के साथ हुआ। मुख्यमंत्री ने प्रदेश भर के विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### उत्कृष्ट विद्यालय मुरार में प्रवेश प्रक्रिया जारी

संस्था के प्राचार्य प्रबुद्ध गर्ग ने जानकारी दी कि विद्यालय में कक्षा 9वीं के लिए प्रवेश प्रक्रिया निरंतर जारी है, जबकि 10वीं और 12वीं की कक्षाओं का अध्यापन कार्य प्रारंभ हो चुका है। उन्होंने विद्यालय की सुविधाओं पर प्रकाश डालते हुए बताया बालक और बालिका दोनों के लिए 100-100 सीटों वाले छात्रावास उपलब्ध हैं, जहाँ नि:शुल्क भोजन और आवास की व्यवस्था है। विद्यालय में एनसीसी की तीनों विंग्स (आर्मी, नेवी और एयरफोर्स) में भर्ती की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी।



## निगमायुक्त ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा, अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 1 अप्रैल।** नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने समय सीमा बैठक में विभागीय बिन्दूओं को चर्चा करते हुये सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। इसके साथ ही स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 एवं जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किये गये कार्यो की जानकारी एवं मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये। निगम मुख्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में अपर आयुक्त टी प्रतीक राव, प्रदीप तोमर, अपर आयुक्त वित्त रजनी शुक्ला सहित अन्य सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें। निगम आयुक्त ने सीएम हैल्पलाईन की समीक्षा करते हुये शिकायतें अटेण्ड ना करने वालों पर कार्यवाही के निर्देश दिये। जिसमें सहायक स्वास्थ्य अधिकारी दिपान्शु द्वारा 11 शिकायतें अनअटेण्ड पाये जाने पर एक इन्क्रीमेंट रोकने के आदेश दिये गये। वहीं जलकर वसूली लक्ष्य के अनुरूप् ना होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये पूरी अमले को निर्देशित किया गया कि लगातार वसूली का कार्य जारी रखे। इसके साथ ही दूषित पेयजल पर आने वाली शिकायतों का निराकरण निर्धारित समय सीमा में होना चाहिए। वही सीवर संधारण ठेकेदारों द्वारा कार्य रोके जाने को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुये सम्बंधित अधिकारियों को समस्याओं का निराकरण कराये जाने के निर्देश दिये गये। उसके साथ ही उपनगर ग्वालियर क्षेत्र में पानी की लाईन शिफ्टिंग के मामले में लापरवाही करने पर उपयंत्री श्री संदीप श्रीवास्तव को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। निगमायुक्त संघ प्रिय ने ई ऑफिस को लेकर चर्चा करते हुये कहा कि काफी निर्देशों के बाद भी विभिन्न कार्यालयों द्वारा फाइल हार्ड कॉपी में ही भेजी जा रही है, अब हार्ड कॉपी में फाइलें स्वीकार नहीं की जावेगी। ई ऑफिस के माध्यम से ही सभी अधिकारी फाईल भेजना सुनिश्चित करें।





